दैनिक

# न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक दैनिक हो गया है। इसका सर्वे का कार्य आगे भी तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्व की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 ‖ Postal Registration No-055/Raigarh DN CG ‖ रायगढ़, सोमवार 04 नवम्बर 2019 ‖ पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए ‖ वर्ष-02, अंक- 37

## प्रधानमंत्री ने थाईलैंड में आदित्य बिड़ला समूह के स्वर्णजयंती समारोह में भाग लिया

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज थाईलैंड में आदित्य बिड़ला समूह के 50 वर्ष पूरे होने पर आयोजित समारोह में भाग लिया। आदित्य बिड़ला समूह के अध्यक्ष कुमार मंगलम बिड़ला ने थाईलैंड में समूह के स्वर्णजयंती समारोह में शामिल होने को लेकर प्रधानमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया।

समारोह में उपस्थित सरकारी अधिकारियों और उद्योगजगत की हस्तियों को संबोधित करते हुए, प्रधानमंत्री ने आदित्य बिड़ला समूह की टीम को उनके सराहनीय कार्य के लिए बधाई दी, जिसके परिणाम स्वरूप बहुत से लोगों के लिए रोजगार पैदा होने के साथ-साथ समृद्धि भी सुनिश्चित हुई है। भारत और थाईलैंड के बीच मजबूत




सांस्कृतिक संबंधों के बारे में चर्चा करते हुए, उन्होंने कहा कि वाणिज्य और संस्कृति में विश्व को एक सूत्र में पिरोने और निकट लाने की शक्ति निहित है।

**भारत में सुधार की दिशा में बदलाव-** प्रधानमंत्री ने पिछले पांच वर्षों के दौरान सरकार की सफलता की कई कहानियों को साझा किया। उन्होंने कहा कि लीक से हटकर और मिशन मूड में काम करने से सुधार की दिशा में बदलाव संभव हुआ है। पहले जिसे असंभव माना जाता था, अब उसे संभव माना जा रहा है और इसके फलस्वरूप भारत में उपस्थिति का यह सर्वाधिक उपयुक्त समय है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि विश्व बैंक की कारोबारी सुगमता रैंकों में भारत ने पिछले पांच वर्षों में 79 रैंकों की छलांग लगाई है और यह 2014 के 142वें स्थान से बढ़कर 2019 में 63वें स्थान पर पहुंच गया है। इससे कारोबार के वातावरण को बेहतर बनाने की दिशा में सुधार हेतु हमारी प्रतिबद्धता का पता चलता है। उन्होंने यह भी कहा कि वर्ल्ड इकनॉमिक फोरम ट्रैवल एंड टूरिज़्म कम्पिटिटिवनेस इंडैक्स में भी इसकी रैंक में सुधार हुआ है और यह 2013 के 65वें स्थान से बढ़कर 2019 में 34वें स्थान पर पहुंच गया है। आराम, सुविधा के प्रावधान सहित बेहतर सड़कों, सम्पर्कता, स्वच्छता और कानून व्यवस्था में सुधार के परिणामस्वरूप विदेशी पर्यटकों के आगमन में 50 प्रतिशत वृद्धि दर्ज की गई है। बचत किए गए धन को अर्जित धन तथा बचत की गई ऊर्जा को सृजित ऊर्जा बताते हुए, प्रधानमंत्री ने प्रत्यक्ष लाभ अंतरण योजना के माध्यम से खामियों को दूर करने और क्षमता में सुधार लाने के बारे में चर्चा की, जिसके परिणामस्वरूप अब तक 20 अरब डॉलर धनराशि की बचत हुई है। उन्होंने कम बिजली खर्च करने वाली एलईडी लाइटों के वितरण के बारे में भी चर्चा की, जिसके परिणाम स्वरूप कार्बन के उत्सर्जन में कमी हुई है।

## जवाहर हत्याकांड के दोषियों पर आज होगा फैसला

**प्रयागराज (आरएनएस)।** प्रयागराज की एक अदालत ने समाजवादी पार्टी (सपा) के विधायक जवाहर यादव उर्फ पंडित हत्याकांड में करवरिया बंधुओं एवं एक अन्य को दोषी करार दिया है। चार नवम्बर को सजा पर फैसला सुनायेगा।

अपर सत्र न्यायालय ने प्रयागराज में 23 वर्ष पूर्व सपा विधायक जवाहर यादव उर्फ पंडित हत्याकांड में तीन सगे भाइयों कपिल मुनि करवरिया (पूर्व सांसद), उदय भान करवरिया( पूर्व सदस्य, विधानसभा,) सूरज भान करवरिया (पूर्व सदस्य विधान परिषद स्थानीय निकाय क्षेत्र इलाहाबाद) एवं राम चंद्र त्रिपाठी उर्फ कल्लू को दोषी करार दिया। ।अदालत ने 18 अक्टूबर को दोनो पक्षों की अंतिम दलीलें सुनकर 31 अक्टूबर को निर्णय सुरक्षित कर लिया था। अदालत सोमवार को सजा पर फैसला



सुनाएगा। अपर सत्र न्यायाधीश बद्री विशाल पांडे ने आरोपित पक्ष करवरिया बंधु एवं शासन के अधिवक्ताओं के तर्कों को सुनकर यह आदेश दिया था।

गौरतलब है कि 13 अगस्त 1996 की शाम सिविल लाइंस में पैलेस सिनेमा के पास सपा विधायक जवाहर यादव उर्फ पंडित, ड्राइवर गुलाब यादव, तथा कमल कुमार दीक्षित राहगीर की एके-47 से गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस घटना में पंकज कुमार श्रीवास्तव एवं कल्लन यादव को भी चोटें आई थी। कल्लन यादव की मृत्यु गवाही शुरू होने से पहले ही हो गई थी।

## सेना में भर्ती के लिए कश्मीर में उमड़े 40 हजार युवक

**जम्मू (आरएनएस)।** सेना में भर्ती होने के लिए कश्मीर में युवकों का उत्साह देखते ही बन रहा है और प्रदेश के तीन जिले में 40 हजार से अधिक युवकों ने सेना में भर्ती होने के आवेदन देकर अपने उत्साह का परिचय दिया है।



केन्द्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के सांबा जिले में चल रही सेना की भर्ती के लिए 40 हजार से अधिक युवकों ने पंजीयन कराया है। सेना में भर्ती के लिए पहले दिन रविवार को आयोजित रैली में करीब तीन हजार युवक शारीरिक परीक्षण में शामिल हुए। सेना की ओर से भर्ती के लिए सांबा के साथ-साथ जम्मू और कठुआ जिलों में भी अभियान चलाया जा रहा है।

तीन नवबंर से 12 नवंबर के बीच चलने वाले इस भर्ती रैली के सफल आयोजन में सेना का गुर्ज डिवीजन, जिला पुलिस और प्रशासन जुटा हुआ है। इसमें शामिल होने वाले युवाओं में भी सेना में भर्ती को लेकर खासा उत्साह है।

रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता कर्नल देवेंद्र आनंद ने कहा, भर्ती रैली में युवाओं की बड़ी भीड़ शामिल हो रही है और तीनों जिलों में 44,000 युवा पंजीकृत किये गये हैं। उन्होंने कहा,भर्ती प्रक्रिया में पूरी पारदर्शिता है और कंप्यूटराइज्ड हर चीज की निगरानी की जा रही है ताकि किसी को कोई अनुचित

## शिवसेना का दावा, 170 विधायकों का समर्थन हमारे पास : संजय राउत

**मुंबई (आरएनएस)।** महाराष्ट्र में सरकार बनाने को लेकर शिवसेना और भाजपा के बीच खींचतान जारी है। इसी खींचतान के बीच शिवसेना सांसद संजय राउत ने दावा किया है कि उनकी पार्टी के पास अभी 170 विधायकों का समर्थन है और यह संख्या 175 के पार भी हो सकती है। संजय राउत ने दावा किया कि महाराष्ट्र में इस बार शिवसेना का ही मुख्यमंत्री होगा। सरकार का गठन पहले बनी सहमति के आधार पर होना चाहिए।

## प्रधानमंत्री ने बैंकॉक में 16वें भारत - आसियान शिखर सम्मेलन में हिस्सा लिया

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने 16वें भारत आसियान का हिस्सा बनने पर खुशी व्यक्त की। उन्होंने गर्मजोशी से स्वागत करने के लिए थाईलैंड को धन्यवाद दिया और अगले वर्ष शिखर सम्मेलन के अध्यक्ष के रूप में जिम्मेदारी लेने के लिए वियतनाम के प्रति शुभकामनाएं व्यक्त कीं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत की एक्ट ईस्ट पॉलिसी भारत ङ्क प्रशांत रणनीति का एक महत्वपूर्ण घटक है। उन्होंने कहा कि आसियान एक्ट ईस्ट पॉलिसी का केन्द्र है। एक सशक्त आसियान से भारत को काफी लाभ मिलेगा। मोदी ने भूतल, समुद्र, वायु एवं डिजिटल संपर्कता में सुधार लाने के लिए उठाए गए कदमों के बारे में चर्चा की। उन्होंने कहा कि भौतिक और डिजिटल संपर्कता में सुधार की दृष्टि से एक अरब डॉलर का भारतीय ऋण लाभदायक साबित होगा।




प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले वर्ष के यादगार शिखरसम्मेलन और सिंगापुर अनौपचारिक शिखरसम्मेलन के निर्णयों के लागू होने से भारत और आसियान एक दूसरे के निकट आए। भारत और आसियान के लिए परस्पर लाभदायक क्षेत्रों में सहयोग एवं साझेदारी बढ़ाने के लिए भारत इच्छुक है।

## बिजली विभाग के पीएफ घोटाले में दो गिरफ्तार

**» पूरे मामले की जांच करेगी सीबीआई**

**लखनऊ (आरएनएस)।** उत्तर प्रदेश के 45,000 से ज्यादा बिजली कर्मचारियों के भविष्य निधि का 2267 करोड़ रुपये को गलत तरीके से दीवान हाउसिंग फाइनेंस कॉरपोरेशन (डीएचएफएल) में जमा करवाने के मामले की जांच मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सीबीआई को दे दी है। इसके अलावा इस मामले में दो लोगो को



गिरफ्तार किया गया है। हलांकि जब तक इस पूरे घोटाले की जांच सीबीआई जांच शुरू नहीं करती है, तब तक इसकी पड़ताल पुलिस महानिदेशक (आर्थिक अपराध शाखा) करेंगे।

इस मामले के मुख्यमंत्री तक पहुंचने के बाद हजरतगंज थाने में एफआईआर दर्ज करा दी गई है। लखनऊ पुलिस की क्राइम ब्रांच ने दो आरोपियों को गिरफ्तार भी कर लिया। बीती 10 अक्टूबर को यह मामला सामने आया था कि बिजली कर्मचारियों के भविष्य निधि का पैसा नियमों के विरुद्ध डीएफएफएल में निवेश कर दिया गया है। इसके बाद इम्प्लाइज ट्रस्ट के सचिव पीके गुप्ता को सस्पेंड कर दिया गया था। बाद में पता चला कि डीएचएफएल खुद कई गड़बड़ियों में फंसी हुई है। शनिवार को इसे लेकर ऊर्जा मंत्री श्रीकान्त शर्मा ने मुख्यमंत्री से मुलाकात की थी। मुख्यमंत्री की सख्ती के बाद पावर कॉरपोरेशन के अधिकारी हरकत में आए। आनन-फानन में हजरतगंज कोतवाली में आरोपितों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करा तत्कालीन निदेशक वित्त और ट्रस्टी सुंधाशु द्विवेदी को लखनऊ से और ट्रस्ट के सचिव प्रवीण कुमार गुप्ता को आगरा से गिरफ्तार कर लिया गया।

## व्हाट्सएप के जरिये लोगों की निजता पर हमला गंभीर मामला : ममता

**कोलकाता (आरएनएस)।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने व्हाट्सएप के जरिये लोगों की 'निजता पर हमला' करने को लेकर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए इसे गंभीर मामला बताया है। सुश्री बनर्जी ने छठ पूजा महोत्सव के बाद संवाददाताओं से कहा, यदि लोग बिना रिकॉर्ड किये स्वतंत्र रूप से बातचीत नहीं कर पाते हैं, तो इस देश के लोग किस तरह से आजाद हैं।

## पुष्कर मेले की आज होगी शुरुआत

**अजमेर (आरएनएस)।** राजस्थान के अजमेर जिले में तीर्थराज पुष्कर में प्रसिद्ध अंतर्राष्ट्रीय पुष्कर मेले का सोमवार से विधिवत आगाज होगा। पुष्कर में निकाय चुनाव के मद्देनजर आचारसंहिता के साथ निषेधाज्ञा के चलते पुष्कर मेला राजनेताओं की गैर मौजूदगी में सुबह नौ बजे पवित्र पुष्कर सरोवर पर मंत्रोच्चार एवं पूजा अर्चना और दस बजे मेला मैदान पर भी विधिवत पूजा अर्चना तथा ध्वजारोहण के साथ इसका आगाज होगा।

जिला कलेक्टर विश्व मोहन शर्मा की पहल पर पहली बार नवाचार के तहत मेले पर सरोवर



में पूजा अर्चना कराई जायेगी। मेला मैदान पर झंडारोहण के बाद लोक संस्कृति से ओत प्रोत नगाड़ावादन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आगाज होगा। हालांकि पुष्कर पशु मेला 2019 की शुरुआत गत 28 अक्टूबर को ही हो चुकी है और मेला मैदान के निकट ही पशुओं के दड़ों पर करीब 3000 पशु वंश पहुंच चुका है।

## रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने उज़्बेकिस्तान के रक्षा मंत्री मेजर जनरल कुर्बानोव से बातचीत की

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने 1-3 नवंबर, 2019 से उज्बेकिस्तान में ताशकंद की अपनी यात्रा के दौरान उज़्बेकिस्तान के रक्षा मंत्री मेजर जनरल बखोदिर निज़ामोविच कुर्बानोव के साथ द्विपक्षीय परामर्श किया। यह किसी भारतीय रक्षा मंत्री द्वारा लगभग 15 वर्षों में उजबेकिस्तान का पहला दौरा था।

बैठक के दौरान, दोनों पक्षों ने सितंबर 2018 में उजबेकिस्तान के तत्कालीन रक्षा मंत्री की भारत यात्रा के बाद से भारत और उजबेकिस्तान के बीच रक्षा सहयोग के बढ़े हुए स्तर पर संतोष व्यक्त किया। सहयोग का यह बढ़ा हुआ स्तर फरवरी 2019 में रक्षा सहयोग पर



जेडब्ल्यूजी की पहली बैठक, मार्च 2019 में भारत के रक्षा सचिव की यात्रा और सितंबर 2019 में ताशकंद में पहली बार आयोजित रक्षा-उद्योग कार्यशाला में प्रदर्शित हुआ। भारत ने भारत से वस्तुओं और सेवाओं की खरीद के लिए उज्बेकिस्तान को 40 मिलियन अमरीकी डालर के रियायती ऋण की पेशकश की है। । दोनों पक्षों के बीच सशस्त्र बलों के बीच प्रशिक्षण, क्षमता निर्माण और शिक्षा से संबंधित प्रत्यक्ष आदान-प्रदान में भी उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है।

रक्षा मंत्रियों ने इस बात पर सहमति जताई कि दोनों पक्ष भारत और उज्बेकिस्तान के बीच रणनीतिक साझेदारी को ध्यान में रखते हुए रक्षा क्षेत्र में अपने स्तर को आगे बढ़ाने के लिए मिलकर काम करना जारी रखेंगे। यह दोनों देशों के बीच आपसी विश्वास और सम्मान के उच्च स्तर और क्षेत्रीय स्थिरता और सुरक्षा को बढ़ावा देने और चरमपंथ और आतंकवाद का मुकाबला करने सहित क्षेत्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मुद्दों पर उनके साझा विचारों और दृष्टिकोणों पर आधारित होगा।

बैठक के बाद, दोनों पक्षों ने दोनों देशों के सशस्त्र बलों के बीच सैन्य चिकित्सा के क्षेत्र में सहयोग पर एक समझौता ज्ञापन को अंतिम रूप दिया। आने वाले दिनों में, दोनों पक्ष इस क्षेत्र में अपने आदान-प्रदान को बढ़ाने के लिए विशेषज्ञ स्तर पर चर्चा जारी रखेंगे। दोनों देशों के उच्च सैन्य शिक्षण संस्थानों के बीच प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण पर दो संस्थान से संस्थान समझौता ज्ञापन पर भी हस्ताक्षर किए गए। यह एमओयू अक्टूबर 2018 में दोनों देशों के बीच हस्ताक्षरित सैन्य शिक्षा पर समझौता ज्ञापन से निकलने वाली बातचीत का एक परिणाम है।

## अधिक रोजगार पैदा करने समुद्री अर्थव्यवस्था का दोहन करें : नायडू

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** उपराष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू ने आज वैज्ञानिकों से जल संसाधनों के संरक्षण और जलवायु परिवर्तन और प्रदूषण जैसी समस्याओं से निपटने के लिए अभिनव समाधान प्रस्तुत करने का आग्रह किया।



उपराष्ट्रपति ने राष्ट्रीय महासागर प्रौद्योगिकी संस्थान के रजत जयंती समारोह का उद्घाटन करते हुए कहा कि जलवायु परिवर्तन के नकारात्मक प्रभावों से तटीय क्षेत्रों की सुरक्षा करने और समाज के लाभ के लिए समुद्र तटीय बुनियादी ढांचे के विकास के लिए प्रौद्योगिकी की आवश्यकता है।

उन्होंने समुद्र के पानी को पीने के पानी में बदलने के लिए अलवणीकरण संयंत्र जैसी प्रौद्योगिकियों के विकास के लिए एनआईओटी की सराहना करते हुए कहा कि यह सुनिश्चित करने की आवश्यकता है कि ऐसी प्रौद्योगिकियां किफायती हों। उपराष्टपति ने राष्ट की समग्र प्रगति में समुद्री अर्थव्यवस्था के महत्व की चर्चा करते हुए प्रसन्नता व्यक्त की कि एनआईओटी मत्स्य पालन और जलजीव पालन, नवीकरणीय महासागर ऊर्जा, बंदरगाह और नौवहन, अपतटीय हाइड्रोकार्बन, समुद्र की तलहटी खनिज और समुद्री जैवप्रौद्योगिकी सहित समुद्री अर्थव्यवस्था के छह प्राथमिकता वाले स्तंभों पर काम कर रहा है। उपराष्ट्रपति ने बताया कि समुद्री अर्थव्यवस्था में कार्बन अनुक्रम, तटीय संरक्षण, सांस्कृतिक मूल्य और जैव विविधता अमूर्त जैसे आर्थिक लाभ भी शामिल हैं। यह देखते हुए कि महासागर की पहले से ही व्यापार, वाणिज्य और अपतटीय तेल और गैस, मछली पकड़ने, समुद्री केबलों और पर्यटन में महत्वपूर्ण भूमिका है।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### छठ के दौरान हादसा : 4 की मौत

**» मंदिर की दीवार गिरने से हुई भगदड़**

**पटना (आरएनएस)।** बिहार में छठ पर्व मनाने के दौरान कई स्थानों पर हादसे हुए हैं जिनमें अभी तक 4 लोगों की मौत हो गई जबकि कईलोग घायल हो गए।दुर्घटनास्थलों पर राहत कार्यजारी है। औरंगाबाद में घाट पर मची भगदड़ में दो बच्चों की मौत हो गई, वहीं दूसरी घटना में समस्तीपुर जिले में घाट के पास स्थित मंदिर की दीवार श्रद्धालुओं पर गिर गई। इस घटना में दो महिलाओं की मौत हो गई। मंदिर की दीवार के मलबे में कईलोगों के फंसे होने की आशंका है जिन्हें बाहर निकाले जाने के प्रयास जारी हैं।इस हादसे में 6 लोग घायल भी हुए हैं। घटना की जानकारी मिलते ही राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (एसडीआरएफ) फौरन ही घटनास्थल पर पहुंचा और बचाव अभियान शुरू कर दिया। राहत एवं बचाव का कार्य अभी भी जारी है। मलबा हटाने के लिए जेसीबी मशीन भी मंगवाई गई. स्थानीय लोगों की मदद से राहत और बचाव कार्य चलाया जा रहा है। फिलहाल, मृतकों की शिनाख्त लीला देवी (62) और बच्ची देवी (60) के रूप में हुई है।

### बम विस्फोट में बीएसएफ के तीन जवान घायल

**इंफाल (आरएनएस)।** मणिपुर में इंफाल पूर्वी जिले के तेलीपाती में हुए बम विस्फोट में सीमा सुरक्षा बल के तीन जवान घायल हुए हैं। पुलिस ने बताया कि यह घटना कल देर रात घटित हुई। घायल जवानों सहायक उप निरीक्षक लालकुमार (54), के महिंद्रा और संतराम (23) को जेएनआईएमएस में भर्ती कराया गया है जहां उनकी हालत खतरे से बाहर बतायी जाती है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। नागा उग्रवादियों और सरकार के बीच चल रही बातचीत के कारण राज्य में छाई अशांति के मद्देनजर विभिन्न संवेदनशील इलाकों में बड़ी संख्या में सुरक्षा बलों और पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है। इस बात का अभीतक खुलासा नहीं हो सका है कि इस विस्फोट में किसका हाथ था। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने भी रविवार को घटनास्थल का दौरा किया जबकि पुलिस मामले की सुराग का पता लगाने में जुटी हुई है।

### एनआरसी पर मीडिया की गैरजिम्मेदाराना रिपोर्टिंग से बिगड़े हालात

**» सीजेआई गोगोई का बड़ा बयान**

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** नेशनल रजिस्टर ऑफ सिटिजन्स (एनआरसी) पर देशभर में गहमागहमी के बीच सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस रंजन गोगोई ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि यह चीजों को उचित परिप्रेक्ष्य में रखने का एक अवसर है, क्योंकि आखिरकार यह उभर सकता है। यह कोई एक समय भर का दस्तावेज नहीं है। यह केवल 19 लाख या 40 लाख लोगों की बात भी नहीं है। यह तो भविष्य के लिए आधार दस्तावेज है। चीफ जस्टिस ने यह बात पोस्ट कॉलोनियल असम किताब के विमोचन कार्यक्रम में कही। एनआरसी को लेकर देशभर में बवाल और विवाद की तरफ संकेत करते हुए उन्होंने साफ कहा कि इसे लेकर की गई कुछ मीडिया संस्थानों की गैर जिम्मेदाराना रिपोर्टिंग से स्थिति और खराब हो गई।

### पाकिस्तान को अमेरिका की लताड़, कहा-आतंकवाद पर आपकी कार्रवाई असंतोषजनक

**इस्लामाबाद।** अमेरिका के विदेश मंत्रालय ने कहा है कि पाकिस्तान ने धन शोधन और आतंक के वित्तपोषण से निपटने के लिए अंतरराष्ट्रीय मानकों को लागू किया है और इस तरह के कृत्यों को आपराधिक मामला भी बनाया है, लेकिन उसकी यह कार्रवाई अपर्याप्त है। अमेरिका के विदेश मंत्रालय द्वारा जारी रिपोर्ट के अनुसार पाकिस्तान सरकार लश्कर-ए- तैयबा (लश्कर) तथा जैसे मोहम्मद जैसे आंतकवादी संगठनों के वित्तपोषणा, अपने समूह में आतंकवादियों को शामिल करने की प्रक्रिया तथा पाकिस्तान में उन्हें प्रशिक्षित करने पर नकेल लगाने में विफल रही और जुलाई में हुए आम चुनावों में लश्कर से संबंधित उम्मीवारों को चुनाव लड़ने की इजाजत भी दे दिया।